



# प्रधानमंत्री आवास योजना के अधूरे आवास शीघ्र पूर्ण करें : गुर्जर

## सीईओ ने हितग्राहियों से किया संवाद, निर्माण सामग्री उचित दरों पर उपलब्ध कराने एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश



**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 31 जुलाई, कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देशन में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वीकृत आवासों का निर्माण निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराने के उद्देश्य से जनपद पंचायत मऊगंज के सभाकक्ष में जिला पंचायत मऊगंज के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने हितग्राहियों के साथ समीक्षा एवं संवाद बैठक आयोजित की.**

उन्होंने हितग्राहियों से सीधे संवाद कर आवास निर्माण की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा जिन हितग्राहियों के आवास अभी अधूरे हैं, उन्हें शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया. मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि शासन का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को सुरक्षित, सम्मानजनक एवं गुणवत्तापूर्ण पक्का आवास उपलब्ध कराना है. उन्होंने हितग्राहियों से प्राप्त किस्तों का सदुपयोग करते हुए निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि आवास निर्माण में आने वाली किसी भी व्यावहारिक कठिनाई के समाधान के लिए जनपद पंचायत प्रशासन हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा. उन्होंने बताया कि जनपद पंचायत स्तर से हितग्राहियों का संपर्क अधिकृत निर्माण सामग्री विक्रेताओं (वेंडर्स) से कराया जाएगा, जिससे उन्हें सीमेंट, सरिया, ईंट एवं अन्य आवश्यक निर्माण सामग्री उचित एवं प्रतिस्पर्धी दरों पर उपलब्ध हो सके.

इससे निर्माण लागत में कमी आएगी तथा आवास निर्माण कार्य में तेजी सुनिश्चित होगी. बैठक के दौरान ने प्रत्येक हितग्राही से वन-टू-वन संवाद कर निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र हितग्राही जानकारी या संसाधनों के अभाव में अपना आवास अधूरा न छोड़े. जनपद पंचायत की पूरी टीम हितग्राहियों को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है.

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने योजना से संबंधित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने ग्रामों में नियमित रूप से हितग्राहियों से संपर्क बनाए रखें, आवास निर्माण कार्य की सतत निगरानी करें. बैठक में सीईओ जनपद पंचायत मऊगंज परमानंद तिवारी मौजूद रहे.




# गिट्टी का अवैध परिवहन करते चार वाहन जब्त, प्रकरण दर्ज

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 31 जुलाई, कलेक्टर संजय कुमार जैन के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है.**

इसी क्रम में खनिज विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए गिट्टी का अवैध परिवहन कर रहे चार वाहनों को जप्त किया गया है. खनिज विभाग द्वारा जांच के दौरान हनुमना क्षेत्र में दो ट्रेलर एवं दो डंपर को गिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर जप्त किया गया. जप्त किए गए सभी वाहनों को नियमानुसार पुलिस थाना हनुमना एवं पुलिस चौकी पिपराही की अभिरक्षा में सुरक्षित खड़ा कराया गया है. संबंधित वाहनों के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है.

कलेक्टर संजय कुमार जैन ने निर्देश दिए हैं कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखी जाए तथा ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए. गौरतलब है कि मऊगंज सहित हनुमना क्षेत्र में अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है. इसके बाद भी यह अवैध कारोबार जारी है.

# गुढ़ पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**गुढ़, 31 जुलाई, जिला पुलिस अधीक्षक एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में गुढ़ थाना प्रभारी पुष्पेंद्र यादव इन दिनों अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं.**

गुढ़ पुलिस टीम ने साइबर सेल की मदद और मुखबिरों से मिली सटीक सूचना के आधार पर दूसरे राज्यों में ताबड़तोड़ दबिश देकर लंबे समय से फरार चल रहे शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 3.500 रुपये के एक इनामी बदमाश को भी दबोचने में सफलता पाई है. पकड़े गए सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है कई मामलों पर खुलासा होने की संभावना है थाना प्रभारी पुष्पेंद्र यादव ने बताया कि अपराधियों की धरपकड़ के लिए अलग अलग टीमें गठित की गई थीं जिन्होंने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अंतरराज्यीय स्तर पर कार्रवाई की. पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा.



# फूलकुमारी पांडेय शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त, दी गई विदाई

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 31 जुलाई, शासकीय प्राथमिक कन्या विद्यालय समान से शिक्षिका फूलकुमारी पांडेय के सेवानिवृत्त होने पर स्कूल सहित निवास स्थान विवेकानंदनगर में गरिमामय सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया.**

श्रीमती पांडेय लगभग 38 वर्षों तक शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उल्लेखनीय सेवाएं दी. इस दौरान उन्होंने अध्यापन के माध्यम से हजारों विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. उनकी सरल शिक्षण शैली, अनुशासनप्रियता, कर्तव्य निष्ठा और विद्यार्थियों के प्रति आत्मीय व्यवहार ने उन्हें एक आदर्श शिक्षिका के रूप में स्थापित किया. उनके अनेक विद्यार्थी आज विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर समाज में अपनी पहचान बना रहे हैं, जिसका श्रेय वे अपने शिक्षिका से मिले संस्कारों और मार्गदर्शन को देते हैं. समारोह में वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, बल्कि उसका ज्ञान, अनुभव और संस्कार समाज का मार्गदर्शन करते रहते हैं. इस अवसर पर अतिथियों ने शाल, श्रीफल, स्मृति-चिह्न एवं उपहार भेंट कर श्रीमती पांडेय का सम्मान किया तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की.

इस अवसर पर परिजनों द्वारा चिराहुला हनुमान मंदिर में सम्मान समारोह एवं भंडारे का आयोजन किया गया जहां राजेश पांडेय, राजीव तिवारी, योगेंद्र शुक्ला, शिवम् द्विवेदी, ओकर पांडेय, प्रदुमन पांडेय, नितिन मिश्रा, अमरेश पांडेय, डॉ आशुतोष गर्ग, गिरीश शुक्ला, रमेश मिश्रा, अश्वनी शुक्ला, सीपी अग्निहोत्री, सरिता मिश्रा, विनोद शुक्ला, मिथिलेश पांडेय, अनीता शुक्ला, किरण पांडेय, पीयूष पांडेय, पंकज पांडेय, राजेश शुक्ला रितेश द्विवेदी, अखिलेश द्विवेदी, इन्द्रमणि तिवारी, एस के मिश्रा, महेंद्र त्रिपाठी, परमानंद पांडेय,शिवानंद पाण्डेय, धर्मराज पाल आदि लोग मौजूद रहे.

# गौरी विद्यालय में मेधावी छात्र-छात्रओं का किया गया सम्मान



**नवभारत न्यूज**
**हनुमना, 31 जुलाई, शासकीय सांदीपनि आर.आर. द्विवेदी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौरी में गुरु पूर्णिमा दिवस समारोह संपन्न हुआ. कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान तथा नवनियुक्त शिक्षकों का स्वागत किया गया.**

समारोह के मुख्य अतिथि संस्था के संरक्षक एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य एस.एन. सिंह रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य डॉ. संदीप कुमार पटेल ने की. विशिष्ट अतिथि के रूप में संकुल प्राचार्य, पहाड़ी डॉ. उमेश कुमार तिवारी उपस्थित रहे. इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा मंडल की प्रदेश प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाली कक्षा 12वीं की प्रतिभाशाली छात्रा अंशिका मिश्रा सहित संस्था के अन्य मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मान किया गया. मुख्य अतिथि एवं अन्य वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार, चरित्र एवं जीवन-मूल्यों का निर्माण भी करते हैं. उन्होंने विद्यार्थियों से गुरुजनों का सम्मान करने, अनुशासित जीवन अपनाने तथा निरंतर परिश्रम के माध्यम से सफलता प्राप्त करने का संदेश दिया. समारोह ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान और प्रेरणा का भाव जागृत किया. कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य बी.के. सिंह, प्रधानाचार्य विजय कुमार द्विवेदी, वरिष्ठ शिक्षक राजेश कुमार द्विवेदी, राजकुमार तिवारी, आयस मिश्रा, प्रियंका त्रिपाठी, जया कुशवाहा एवं डॉ. अनुजा सिंह मौजूद रही.

# छात्रों को नशे से दूर रहने का दिलाया गया संकल्प



**नवभारत न्यूज**
**सिरमौर, 31 जुलाई, ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा चलाए जा रहे '10 करोड़ नशा मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत ब्राइट फ्यूचर एकेडमी, सिरमौर में विद्यार्थियों के लिए नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें नशामुक्त, स्वस्थ एवं संस्कारवान जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था. यह अभियान देशभर में विद्यालयों और महाविद्यालयों में जनजागरण के माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारीज़ सिरमौर की क्षेत्रीय संचालिका बीके आकांक्षा बहन ने कहा कि नशा मनुष्य की बुद्धि, स्वास्थ्य, परिवार और भविष्य को नष्ट कर देता है. यदि विद्यार्थी आज से ही नशे से दूर रहने का संकल्प लें, तो वे अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं. कार्यक्रम में विद्यालय के 140से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों को नशामुक्त रहने तथा दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की सामूहिक प्रतिज्ञा दिलाई गई. सभी ने संकल्प लिया कि वे स्वयं किसी भी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करेंगे और समाज में नशा मुक्ति का संदेश फैलाने में सक्रिय सहयोग देंगे. विद्यालय परिवार ने ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा संचालित इस जनजागरण अभियान की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की. इस अवसर पर सुंदरलाल मिश्रा, सतपाल सिंह, ब्राइट फ्यूचर एकेडमी के प्राचार्य संगीता मिश्रा, डायरेक्टर बीरेंद्र प्रसाद मिश्र आशवेन्द्र मिश्र, शालिनी पांडेय मौजूद रही.

# नशा मुक्ति और साइबर अपराध की दी गई जानकारी



**नवभारत न्यूज**
**गुढ़, 31 जुलाई, गुढ़ नगर परिषद स्थित बार्ड 14 श्री भागवत पैलेस में पुलिस विभाग द्वारा जनजागरूकता के उद्देश्य से जन चौपाल का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में रीवा संभाग के पुलिस उप महानिरीक्षक हेमंत चौहान तथा डीएसपी मुख्यालय हिमाली पाठक मुख्य रूप से उपस्थित रहीं. जन चौपाल में उपस्थित नागरिकों को नशे से दूर रहने, साइबर अपराधों से बचाव, ऑनलाइन ठगी, डिजिटल अरेस्ट, बैंक धोखाधड़ी, महिला अपराधों की तत्काल सूचना देने तथा किसी भी प्रकार के साइबर फ्रॉड की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित कर निर्धारित हेल्पलाइन नंबरों पर शिकायत दर्ज कराने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई. कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी गुढ़ पुष्पेन्द्र यादव ने विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों एवं उनसे बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला और लोगों से सतर्क रहने की अपील की.

जन चौपाल में भाजपा मंडल गुढ़ के अध्यक्ष एवं पुलिस विभाग के विधायक प्रतिनिधि अनंत कुमार गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह, रावेंद्र मिश्रा, अनिल सिंह, बी.के. पाण्डेय, आलेश पयासी, अविनाश चतुर्वेदी, पार्षद ओम त्रिपाठी, जगदीश गोटिया, हीरालाल नामदेव, दीनदयाल उपाध्याय, शैलेन्द्र बंसल, दुर्गेश गुप्ता, अधिवक्ता विनय कुमार गुप्ता, आनंद यादव, नीतेश साकेत आदि मौजूद रहे.

# आपकी पुलिस आपके द्वार अभियान में साइबर सुरक्षा और नशा मुक्ति पर किया जागरूक



**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 31 जुलाई, पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में संचालित 'आपकी पुलिस, आपके द्वार' अभियान के तहत शुक्रवार को थाना मऊगंज क्षेत्र के ग्राम सलैया रुस्तम में जन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस और आमजन के बीच संवाद स्थापित कर कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ाना तथा विभिन्न सामाजिक एवं सुरक्षा संबंधी विषयों पर जनजागरूकता फैलाना रहा. जन चौपाल में सैकड़ों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मऊगंज शशिकांत सरयाम एवं थाना प्रभारी मऊगंज निरीक्षक राम सिंह पटेल ने उपस्थित लोगों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुने. इस दौरान अधिकारियों ने कानून व्यवस्था बनाए रखने में आमजन की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए साइबर अपराधों से बचाव, नशा मुक्ति, महिला एवं बाल सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन तथा सामाजिक सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, अपराध या साइबर ठगी की सूचना तत्काल पुलिस को दें तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक और अपुष्ट जानकारी साझा करने से बचें. अधिकारियों ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल अपराधों पर नियंत्रण करना ही नहीं, बल्कि समाज के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षित और जागरूक वातावरण तैयार करना भी है. क्षेत्र में जहा भी अवैध कारोबार चल रहा है इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें. जिस पर कार्यवाही कर इसे रोका जा सके. ग्रामीणों ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के साथ सहयोग का भरोसा दिलाया. जन चौपाल का समापन पुलिस और ग्रामीणों के बीच बेहतर संवाद एवं आपसी विश्वास को मजबूत करने के संदेश के साथ हुआ.



# संयुक्त वाहन चेकिंग अभियान में सात वाहन जब्त

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 31 जुलाई। जिले में अवैध एवं नियम विरुद्ध परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए शुक्रवार को एसडीएम माड़ा, आरटीओ सिंगरौली, खनिज विभाग और प्रदूषण विभाग की संयुक्त टीम ने विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान राखड़ परिवहन में लगे चार वाहनों सहित कुल सात वाहनों को विभिन्न अनियमितताओं के चलते जप्त किया गया।**

संयुक्त टीम ने वाहनों के दस्तावेज, परिवहन नियमों, प्रदूषण मानकों तथा अन्य आवश्यक अभिलेखों की जांच की। जांच में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर सभी सात वाहनों को जप्त कर सुरक्षार्थ बंधौरा चौकी में खड़ा कराया गया। कार्रवाई के दौरान संबंधित वाहन संचालकों से 60 हजार रुपये का राजस्व भी वसूल किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अवैध खनिज एवं राखड़ परिवहन तथा परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी संयुक्त जांच अभियान लगातार जारी रहेगा।

# कोतवाली से चन्द कदम दूर ठेला से दो सिलेंडर चोरी

## एक सप्ताह पहले गैस भट्ठी हुई थी चोरी, अब दुकान का ताला तोड़कर ले गए दो भरे सिलेंडर



**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 31 जुलाई। कोतवाली बैढ़न क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में भय और आक्रोश का माहौल है। ताजा मामले में अज्ञात चोरों ने एक ठेला व्यापारी की दुकान का ताला तोड़कर दो भरे हुए गैस सिलेंडर चोरी कर लिए। पीड़ित व्यापारी ने पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की है।**

पीड़ित व्यापारी ने बताया कि लगभग एक सप्ताह पूर्व उसकी गैस भट्टी भी चोरी हो गई थी, लेकिन उस मामले में अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। व्यापारी का आरोप है कि पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने से चोरों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं और क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। व्यापारी के अनुसार बुधवार की देर रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर दो भरे हुए गैस सिलेंडर चोरी कर लिए।

घटना की जानकारी मिलने पर वह गुरुवार की सुबह करीब 7 बजे शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचा, लेकिन उस समय थाना परिसर में कोई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं मिला। इसके बाद वह दोबारा आवेदन देने के लिए थाने पहुंचा। लेकिन पुलिस गंभीरता से नही ले रही है।

# प्रमोद पाण्डेय को सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई



**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 31 जुलाई, संदीपनी (सी0एम0राईज) स्कूल मऊगंज में 43 वर्ष सेवा पूर्ण कर प्रमोद कुमार पाण्डेय जी 31 जुलाई 2026 को सेवा निवृत्त हुये. संदीपनी स्कूल में गरिमामय समारोह के साथ सम्मान श्री पाण्डेय का किया गया.**

उत्कृष्ट बालक स्कूल की रक्षा एवं जमीन हेतु किए गए विद्यालय हित में संघर्ष को याद किया गया. श्री पाण्डेय सर्व शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के मऊगंज के जिलाध्यक्ष भी रहे हैं. जिससे संगठन के पदाधिकारीगण भी समारोह में शामिल रहे. समारोह में प्रमुख रूप से एस0पी0 मिश्रा बी0ई0ओ0, यू0एस0 सोनी संकुल प्राचार्य, सतानन्द मिश्रा प्रान्ताध्यक्ष शिक्षक संघ, सूर्यमणि शुक्ला, चन्द्रमणि शुक्ला, भोलानाथ उपाध्याय प्राचार्य संदीपनी मऊगंज, दीनानाथ द्विवेदी, ओम प्रकाश गुप्ता, रूद्रपाल तिवारी, डॉ. आनन्द केसरी, इरसाद खान, उर्मिला नापित, अंजू सिंह, गायत्री पाण्डेय, पूनम सिंह, रामानुज मौर्य, जे0जे0 जीनियस, प्रमोद मिश्रा, शिवेन्द्र पाण्डेय, शैलेन्द्र मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, शिवकुमार दुबे, भवनेन्द्र झा, कृष्ण कुमार नामदेव सहित सैकड़ों शिक्षक, छात्र मौजूद रहे. कार्यक्रम का संचालन विभूति नन्दन पाण्डेय ने किया.